समाचार विज्ञप्ति

बोर्गवॉर्नर नई दिल्ली में ऑटो एक्सपो कंपोनेंट्स 2023 में ई-मोबिलिटी के समाधानों को प्रदर्शित करेगी

- *विद्यु-चालित पावरट्रेन पुर्ज़े, अधिक शक्ति वाली बैटरी प्रणालियाँ एवं उच्च-वोल्टेज वाले शीतलक हीटर जैसे अभिनवकारी ऊष्मीय व्यवस्थापन समाधान प्रदर्शित किए जायेंगे*
- *यह कंपनी भारत में पहली बार विद्युतीकरण की कार्यनीति "चार्जिंग फॉरवर्ड" को प्रस्तुत करेगी*

राष्ट्रीय, 14 दिसंबर, 2022- बोर्गवॉर्नर कैसे अपने अभिनवकारी और स्थायी उत्पाद ओ.ई.एम. को ई-मोबिलिटी में बदलने में मदद कर रही है इसे यह कंपनी अगले महीने नई दिल्ली, भारत में 2023 ऑटो एक्सपो कंपोनेंट्स शो में प्रदर्शित करेगी। हॉल ए4एफएफ, बूथ सी27 में, यह कंपनी बैटरी प्रणाली, चार्जिंग स्टेशन, बिजली की मोटरें, एकीकृत ड्राइव वाले मॉड्यूल्स, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स और हाई-वोल्टेज शीतलक हीटर जैसे उच्च-प्रदर्शन वाले ऊष्मीय व्यवस्थापन वाले उत्पादों सहित वाहनों के विद्युतीकरण में सहयोग प्रदान करने वाली तकनीकों की एक विस्तृत श्रृंखला का प्रदर्शन करेगी।

बोर्गवॉर्नर एमिशन्स सिस्टम्स इंडिया प्रा. लि. के प्रबंध निदेशक, सुधीर चावला ने कहा, **"ऑटो एक्सपो बोर्गवॉर्नर के लिए हमारे उत्पाद और प्रणालियों के समाधानों को प्रस्तुत करने के साथ-साथ हमारी" चार्जिंग फॉरवर्ड " की कंपनी की वैश्विक कार्यनीति में अंतर्दृष्टि प्रदान करने का एक शानदार अवसर है, जो विद्युतीकरण के प्रयासों में तेज़ी लाने का उद्देश्य लेकर चल रही है और 2035 तक कार्बन की उदासीनता तक पहुँचने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत में हमारे बोर्गवॉर्नर तकनीकी केंद्र और अनुसंधान एवं विकास विभाग इस प्रयास के तहत परिभाषित महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को प्राप्त करने में मुख्य भूमिका निभाते हैं, जो भारत के भारत स्टेज सिक्स जैसे कड़े उत्सर्जन मानकों को प्राप्त करने में स्थानीय ग्राहकों को सहयोग देते हैं।"**

बोर्गवॉर्नर बूथ पर प्रदर्शित होने वाले उत्पादों की विशेषताओं में एक उच्च-शक्ति वाली बैटरी प्रणाली शामिल है जिसमें एक अनूठी, समतल मॉड्यूल वाली संरचना शामिल है जो छोटे इलेक्ट्रिक व्यावसायिक वाहनों (ई.सी.वी.)

और बसों के निचले भाग के अनुसार होती है। एक नया, मॉड्यूलर उच्च-वोल्टेज वाला ई-पंखे का समाधान, और बोर्गवॉर्नर के इनवर्टरों की नवीनतम श्रृंखला भी प्रदर्शित की जायेगी। व्यावसायिक वाहनों के लिए हाइड्रोजन ईंधन इंजेक्शन प्रणाली जैसी अग्रगामी दहन टेक्नोलॉजियों के अतिरिक्त, बोर्गवॉर्नर प्रमुख पारंपरिक प्रणोदन समाधान भी प्रदर्शित करेगा।

ऑटो एक्सपो कंपोनेंट्स शो नई दिल्ली के प्रगति मैदान में 12-15 जनवरी, 2023 को आयोजित किया जायेगा। भाग लेने वाली 1,500 से अधिक कंपनियों और अनुमानतः 115,000 आगंतुकों के साथ, यह एशिया की सबसे बड़ी वाहनों से संबंधित प्रदर्शनी ऑटोमोटिव कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया, कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ़ इंडियन इंडस्ट्री और सोसाइटी ऑफ़ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स द्वारा आयोजित किया जाता है।

बोर्गवॉर्नर के बारे में

130 वर्षों से से अधिक समय से, बोर्गवॉर्नर विश्वस्तर पर उत्पादों की एक अग्रणी परिवर्तनकारी उत्पादक रही है जो बाज़ार में गतिशीलता की सफल अभिनवताओं को प्रस्तुत कर रही है। इस समय, हम विश्व में ई-मोबिलिटी के परिवर्तन को तेज़ कर रहे हैं — ताकि सभी के लिए एक स्वच्छ, स्वस्थ, सुरक्षित भविष्य बनाने में मदद मिल सके।

बोर्गवॉर्नर ऑटो एक्सपो 2023 में अपनी बैटरी समतल मॉड्यूल की संरचना को प्रदर्शित करेगी।